दिनांक 02.09.2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम की टीम ने दुकान को तोड़कर खाली कराया नाली से कब्जा

भिलाई नगर। वैशाली नगर जोन की टीम ने वार्ड-14 रामनगर में अवैध कब्जा के खिलाफ बेदखली की कार्रवाई की। श्रीरामजानकी मंदिर के समीप छत्तीसगढ़ टेलीकाम के बाजू में रामा मोची ने नाली के उपर कांक्रीट का स्लैब डालकर कब्जा कर लिया था। टिन का सीट डालकर दुकान खोल लिया था। जिसे हटाने के लिए जोन- 2 वैशाली नगर द्वारा कई बार सूचना दी गई। उसके बाद भी कब्जेधारी द्वारा कब्जा नहीं हटाने के कारण भिलाई नगर तहसीलदार योगेन्द्र वर्मा और जोन-2 की आयुक्त पूजा पिल्ले की मौजूदगी में दुकान को तोड़कर हटाया गया। बता दें कि अतिक्रमण को लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी, शिकायत के आधार पर जब जोन के अधिकारियों द्वारा परीक्षण किया गया तो मौके पर शिकायत सही पाई गई! कार्यवाही करने टीम जब मौके पर पहुंची तो दुकान में ताला लटका हुआ था। कर्मचारियों ने आसपास के व्यापारियों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया और ताला तोड़ने की कार्रवाई की। तब तक रामा मोची की पत्नी भी पहुंच गई। उनकी मौजूदगी में ही दुकान में रखी हुई सामान की लिस्ट बनाई गई। सामान को सुरक्षित स्थान पर रखने के बाद दुकान को तोड़ने की कार्रवाई प्रारंभ की गई। टीम में सहायक राजस्व अधिकारी संजय वर्मा , स्वच्छता निरीक्षक अनिल मिश्रा , अंजनी सिंह, प्रकाश अग्रवाल शामिल थे।

जनसंपर्क अधिकारी